बिहार विधान परिषद्

185वां सत्र

तारांकित प्रश्न

वर्ग – 5

12 फाल्गुन, 1938 (श.)

शुक्रवार, तिथि ---------------------------------

03 मार्च, 2017 ई.

प्रश्नों की कुल संख्या – 22

1.	शिक्षा विभाग	....	....	18
2.	कला संस्कृति एवं युवा विभाग	....	....	03
3.	खनन एवं भूतत्व विभाग	....	....	01

		कुल योग –		**22**

राशि का गबन

* 80. **श्री सतीश कुमार** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय, सिंहासनी के प्रधानाध्यापक द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में बच्चों की छात्रवृत्ति की राशि के मद में आवंटित 3 लाख 15 हजार रुपये की निकासी कर, गबन कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में बिहार सरकार व सर्व शिक्षा अभियान के तहत 2015-16 में बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की राशि वितरण करने के लिए 3 लाख 15 हजार रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ था जिसको विद्यालय की शिक्षा समिति की सचिव नीतू देवी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को शिकायत पत्र दिया था कि सचिव का फर्जी हस्ताक्षर कर रुपये की निकासी कर ली गई तथा धनहर दिहुली मध्य विद्यालय, मुरला मध्य विद्यालय समेत कई विद्यालयों द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 की छात्रवृत्ति की राशि की बैंक से निकासी करने के बावजूद प्रधानाध्यापकों द्वारा राशि का वितरण नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामगढ़वा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा बच्चों की छात्रवृत्ति का रुपया गबन करने वालों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण नहीं

* 81. **श्री सुमन कुमार** : क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखंड अन्तर्गत मकसूदा स्थित ललित नारायण मिश्र फुटबॉल ग्राउंड का संचालन विगत 40 वर्षों से मिथिला स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा संचालित किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्राउंड में समय-समय पर फुटबॉल, क्रिकेट तथा एथलेटिक एवं अन्य खेलों की प्रतियोगिताएं होती आ रही हैं;

(ग) क्या यह सही है कि महिला खिलाड़ियों को ठहरने का उचित स्थान नहीं रहने के कारण वर्तमान में प्रतियोगिताओं में भाग लेने से असमर्थता प्रकट करने के कारण प्रतियोगिता स्थगित होने की स्थिति पैदा हो जाती है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण हेतु सरकार द्वारा दो बार कोष निर्गत किया गया था, परन्तु विभागीय उदासीनता के कारण कोष वापस हो जाता है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ललित नारायण मिश्र फुटबॉल ग्राउंड में स्टेडियम का निर्माण कराकर खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति नहीं

* 82. **श्री मंगल पाण्डेय** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी मध्य विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय के रूप में उत्क्रमित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सभी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में पूर्व से 6 विषय; यथा - हिन्दी, संस्कृत, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, अंग्रेजी के शिक्षकों का नियोजन हुआ है, परन्तु 2014 के नियोजन में 5 विषय के ही हिन्दी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, अंग्रेजी में शिक्षकों का नियोजन हुआ है, परन्तु संस्कृत विषय को छोड़ दिया गया है जबकि संस्कृत एक अनिवार्य विषय है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार 2014 में नियोजित शिक्षकों में भी संस्कृत विषय के शिक्षकों की नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

राशि की अवैध निकासी

* 83. **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले में विद्यालय शिक्षा समितियां समयावधि के अन्दर चुनाव नहीं होने के कारण भंग हो गई हैं;

(ख) क्या यह सही है कि विद्यालय शिक्षा समिति के भंग होने के पश्चात् भी पूर्व विद्यालय सचिव के सहयोग से विद्यालय के विभिन्न मदों की राशि की निकासी अवैध तरीके से की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक गोपालगंज जिले में अमान्य तरीके से कितनी अवैध राशि की निकासी अमान्य विद्यालय सचिवों द्वारा की गई है एवं सरकार दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु कौन-सा ठोस कदम उठा रही है?

सातवें वेतनमान का लाभ

* 84. **श्री लाल बाबू प्रसाद**: क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों, संविदाकर्मियों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों को सातवें वेतनमान को लेकर सरकार द्वारा कर्मी नहीं करार देने की बात कही गई है;

(ख) क्या यह सही है कि 2015 में ही उनके नियत वेतन को वेतनमान में परिवर्तित कर दिया गया तथा राज्य सरकार के कर्मियों के अनुरूप घोषित महंगाई, चिकित्सा, मकान किराया भत्ता आदि के साथ ही वार्षिक वेतन वृद्धि उन्हें देय है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नियोजित शिक्षकों व संविदाकर्मियों को बिहार सरकार का कर्मी मानते हुए सातवें वेतनमान का लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

मूर्तियों का दस्तावेज तैयार नहीं

* 85. **श्री नीरज कुमार** : क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पुरातात्विक महत्व की मूर्तियों का दस्तावेज तैयार नहीं रहने के कारण चोरी की गई मूर्तियां अगर दूसरे देश एवं प्रदेश से बरामद की जाती हैं तो उसे बिहार की मूर्ति प्रमाणित करना मुश्किल होता है;

(ख) क्या यह सही है कि दस्तावेजीकरण में दर्ज कोड नंबर से पहचान, उसके निर्माण काल, ऐतिहासिक महत्व, उसका वजन एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्य को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान के माध्यम से कराने का प्रावधान है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मूर्तियों का दस्तावेज तैयार करने हेतु कदम उठाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

पठन-पाठन ठप्प

* 86. **डा. दिलीप कुमार चौधरी** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बछवाड़ा प्रखंड में सिसबा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों के अभाव में पठन-पाठन का कार्य ठप्प है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में मात्र तीन शिक्षक रहने के कारण अल्पसंख्यक एवं दलित समुदाय के बच्चों का भविष्य अंधकारमय है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सिसबा प्राथमिक विद्यालय, बछवाड़ा, बेगूसराय में यथाशीघ्र शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

शिक्षकों के समक्ष भुखमरी

* 87. **प्रो. नवल किशोर यादव** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य के प्रारंभिक स्तर से उच्च माध्यमिक स्तर के नियोजित शिक्षकों को हर माह की पहली तारीख को अन्य सरकारी कर्मियों की भांति वेतन नहीं दिया जाता है, जिससे उन शिक्षकों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि उन नियोजित शिक्षकों की सेवाशर्त निर्धारित नहीं की गई है, जिससे उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित विद्यालयों के नियोजित शिक्षकों का वेतन माह की पहली तारीख को देने एवं राज्यकर्मी का दर्जा देने हेतु उन शिक्षकों की सेवाशर्त निर्धारित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

विद्यालय का उत्क्रमण नहीं

* 88. **श्री संजय प्रसाद** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिले के जमुई सदर प्रखंड अन्तर्गत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, जमुई एवं सनकुरहा को उत्क्रमित करने हेतु जनहित में जिलाधिकारी, जमुई ने पत्रांक-444/आर.एम.एस.ए. एवं पत्रांक-443/आर.एम.एस.ए., दिनांक 14.07.2016 के द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया है, परन्तु आजतक सनकुरहा कन्या मध्य विद्यालय को उत्क्रमित नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उपर्युक्त विद्यालय के उत्क्रमित होने से सैकड़ों छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन के लिए सुदूर अवस्थित उच्च विद्यालय नहीं जाना पड़ेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

ऑडिटोरियम का निर्माण कबतक

* 89. **श्री कृष्ण कुमार सिंह** : क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि गया शहर में प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक देश-विदेश से आते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि गया शहर में सांस्कृतिक आयोजन के लिए विश्वस्तरीय सुसज्जित ऑडिटोरियम नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि ऑडिटोरियम नहीं होने के कारण सांस्कृतिक आयोजन में काफी कठिनाई होती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया शहर में विश्वस्तरीय सुसज्जित ऑडिटोरियम का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

कार्रवाई कबतक

* 90. **डा. संजीव कुमार सिंह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों को नियत वेतन से वेतनमान का प्रावधान करने के पश्चात् वार्षिक वेतनवृद्धि का भी लाभ दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त लाभ राज्य के अधिकांश जिले के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक शिक्षकों को मिल रहा है, लेकिन पूर्णिया, किशनगंज, सहरसा आदि जिलों में इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसके लिए दोषी पदाधिकारियों पर क्या कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

शिक्षकों का प्रशिक्षण कबतक

* 91. **श्री केदारनाथ पांडेय** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में अप्रशिक्षित शिक्षकों का नियोजन किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार ने नियोजित शिक्षकों को सवैतनिक प्रशिक्षण की योजना बनाई है और उन्हें तीन वर्षों के अन्दर प्रशिक्षित करने का प्रावधान किया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार ने अबतक कितने प्राथमिक/माध्यमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है, कितने अभी तक शेष हैं और शेष शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सरकार की क्या योजना है ?

जांच पर कार्रवाई कबतक

*** 92. डा. रामवचन राय** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि श्री दिगम्बर प्रसाद मंडल, प्रभारी प्रधानाध्यापक, धनिक लाल उच्च विद्यालय, पिपरौन, प्रखंड-लौकही, जिला-मधुबनी की प्रबंधन समिति के सदस्यों का फर्जी हस्ताक्षर कर हटा दिया गया है, जबकि श्री मंडल करीब डेढ़ वर्षों से अपने कार्य का सम्पादन कर रहे थे;

(ख) क्या यह सही है कि श्री मंडल ने इसकी समुचित जांच हेतु अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं शिक्षा विभाग को दिनांक 02.08.2016 को एक अभ्यावेदन पत्र समर्पित किया था;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पत्र पर माध्यमिक शिक्षा विभाग ने अपने पत्रांक 11/वि.को/16-16/2015-2036, दिनांक 09.11.2016 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी को स्थलीय जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का निदेश दिया था;

(घ) क्या यह सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी ने इसकी जांच प्रखंड साधन सेवी (राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान) से कराया था, जो सक्षम पदाधिकारी नहीं हैं, इसलिए श्री मंडल ने किसी वरीय पदाधिकारी से जांच हेतु अनुरोध किया था;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इसकी जांच किसी वरीय पदाधिकारी से कराकर श्री मंडल को न्याय प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

साइकिल-पोशाक योजना का लाभ कबतक

*** 93. श्री रजनीश कुमार** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि 2015-2016 में छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री साइकिल योजना, मुख्यमंत्री पोशाक योजना एवं मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य योजना की राशि जुलाई-अगस्त में ही दे दी गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि 2016-2017 के लिए लगभग 17 लाख छात्र-छात्राओं को मिलने वाली साइकिल एवं डेढ़ करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को पोशाक की राशि जनवरी बीत जाने के बाद भी नहीं मिली है;

(ग) क्या यह सही है कि वर्ष 2015-2016 में साइकिल एवं पोशाक के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता को खत्म करने वाली सरकार ने 2016-2017 में इसे फिर से अनिवार्य कर दिया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 75 प्रतिशत की अनिवार्यता को खत्म कर अधिक छात्रा-छात्राओं को इसका लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

मध्य विद्यालय का उत्क्रमण कबतक

* 94. **श्री राजकिशोर सिंह कुशवाहा** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, महुआवा में लगभग पांच एकड़ जमीन है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मध्य विद्यालय के चारों तरफ पांच किलोमीटर तक कोई हाई स्कूल नहीं रहने के कारण बच्चों को काफी दूरी तय कर हाई स्कूल में पढ़ने जाना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त मध्य विद्यालय में 800 (आठ) सौ छात्र-छात्राएं हैं जिनमें दलित एवं अति पिछड़े वर्ग के पचास प्रतिशत छात्र-छात्राएं पठन-पाठन करते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर हाई स्कूल बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

पे बैंड का लाभ कबतक

* 95. **मो. गुलाम रसूल** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि पटना विश्वविद्यालय के अन्तर्गत विश्वविद्यालय कार्यालय में कार्यरत सहायकों को षष्ठम वेतनमान के अन्तर्गत पे बैंड 9300-34800 एवं ग्रेड पे 4600/- रुपये प्रदान किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इसी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले बी.एन. कॉलेज के कर्मचारी मो. बदरूद्दीन को दिनांक 27.05.2005 को सहायक पद पर प्रोन्नति देकर 5500-9000 का वेतनमान दिया गया;

(ग) क्या यह सही है कि मो. बदरूद्दीन को षष्ठम वेतनमान लागू होने के बाद विश्वविद्यालय कार्यालय में कार्यरत सहायकों के समान ही पे बैंड 9300-34800 एवं ग्रेड पे 4600/- मिलना चाहिए था, किन्तु अभी तक उन्हें 5200-20200 वाला वेतनमान ही दिया जा रहा है जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मो. बदरूद्दीन को पे बैंड 9300-34800 ग्रेड पे 4600/- कबतक दिलाना चाहेगी, नहीं तो क्यों ?

छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध कबतक

* 96. **प्रो. संजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण आठवें वर्ग तक के छात्र-छात्राओं को किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इस वर्ष वर्ग-2 एवं आठवें वर्ग की पाठ्य पुस्तकें बेगूसराय सहित राज्य के अधिकांश जिले के छात्र-छात्राओं को प्राप्त नहीं हो सकी हैं जिनकी परीक्षाएं मार्च में होने वाली हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक छात्र-छात्राओं को पुस्तकें उपलब्ध कराना चाहती है?

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*** 97. श्री राजेश राम** : क्या मंत्री, खनन एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला में बालू उत्खनन हेतु विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से संवेदक को आवंटित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि संवेदक को विभाग द्वारा चिन्हित नदी घाटों एवं रैयती भूमि में रैयत के द्वारा दी गई लीज की जमीन से ही बालू उत्खनन का पट्टा दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि सड़क के किनारे एवं पेड़-पौधे के नजदीक बालू निकासी हेतु किसी तरह का उत्खनन नहीं किया जाना है;

(घ) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के संवेदक के द्वारा प्रखंड-मधुबनी, पिपरासी, भिंतहा, ठकरांहा, रामनगर एवं गौनाहा इत्यादि क्षेत्रों में विभागीय नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से बालू उत्खनन किया जा रहा है तथा मनमाने ढंग से रॉयल्टी की राशि वसूल की जा रही है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

शिक्षकों को वेतन वृद्धि

*** 98. श्री राधाचरण साह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य के मदरसा एवं संस्कृत शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के संकल्प संख्या 971, दिनांक 31.8.2013 द्वारा 5200-20200 वेतनमान देने की स्वीकृति प्रदान की गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के संकल्प सं. 971, दिनांक 31.8.2013 के द्वारा राज्य के मदरसा एवं संस्कृत शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने का निर्णय लिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब से राज्य के मदरसा एवं संस्कृत शिक्षकों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

कमरे का निर्माण कबतक

* 99. **श्री सच्चिदानन्द राय** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि छपरा जिलान्तर्गत प्रखंड मांझी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय शीतलपुर धर्मशाला में चलता है;

(ख) क्या यह सही है कि बच्चों की संख्या अधिक तथा कमरों की संख्या कम होने की वजह से विद्यालय के संचालन में परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन हेतु कमरे का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

शिक्षक को वेतन भुगतान

* 100. **श्री सूरजनंदन प्रसाद** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि श्री रामानन्द पांडेय, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक जो आर.पी.आर. प्रखंड खेन (पहले राजगीर) को प्रशिक्षित वेतन देकर प्रधानाध्यापक का वेतन देने का आदेश निर्गत किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त शिक्षक का वेतन संबंधी आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा की लापरवाही के चलते अभी तक अनुपालित नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि श्री रामानन्द पांडेय की सेवा भी जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा ने पटना प्रमंडल में सम्बद्ध कर दी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री रामानन्द पाण्डेय, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक को उक्त निर्गत आदेश के अनुपालन में वेतन भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

* 101. **श्री रणविजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत राजापुर, कोइलवर में मच्चा जनता हाई स्कूल प्लस टू का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्कूल में अभी तक प्लस टू में चहारदिवारी का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे असामाजिक तत्व पढ़ाई में बाधा पहुंचाते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि स्कूल के पास 18 बीघा जमीन उपलब्ध है, जहां आस-पास खेलकूद हेतु कोई मैदान नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मच्चा जनता हाई स्कूल, कोईलवर, भोजपुर में चहारदिवारी का निर्माण एवं परती जमीन में स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पटना
दिनांक 03 मार्च, 2017 ई.

सुनील कुमार पंवार
सचिव
बिहार विधान परिषद्